डिलीवरी से डेटा तक, ई-कॉमर्स क्षेत्र बना रोजगार का मजबूत मंच

आईटीआई, पॉलीटेक्निक और सेवायोजन विभाग के आंकड़ों में सबसे आगे रहा ई-कॉमर्स क्षेत्र

सतीश संगम

लखनऊ। बदलती डिजिटल अर्थव्यवस्था में ई-कॉमर्स युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा मंच बनकर उभरा है। आईटीआई, पॉलीटेक्निक और क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग के हालिया आंकड़े बताते हैं कि बीते कुछ महीनों में सबसे अधिक नियुक्तियां इसी क्षेत्र में हुई हैं। पिछले तीन महीनों में कुल 2889 युवाओं को ई-कॉमर्स क्षेत्र में नौकरी मिली। इसके मुकाबले रिटेल में 1879, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा (बीएफएसआई) में 1485 और टेलीकॉम क्षेत्र में 1192 युवाओं को नौकरी मिली।

आईटीआई के प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान के मुताबिक ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन और कंपनियों के डिजिटल विस्तार के कारण ई-कॉमर्स से जुड़े कई नए पद तेजी से सामने आए हैं। ई-कॉमर्स मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट और डेटा एनालिस्ट जैसे प्रोफेशनल पदों की मांग लगातार बढ़ रही है। सोशल मीडिया प्रचार, ऑनलाइन बिक्री रणनीति और ग्राहकों के व्यवहार के विश्लेषण जैसे कार्यों के लिए कंपनियां प्रशिक्षित युवाओं की भर्ती कर रही हैं। क्विक कॉमर्स के विस्तार के साथ डार्क स्टोर और लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस में भी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। डिलीवरी, वेयरहाउस प्रबंधन और सप्लाई चेन संचालन में बड़ी संख्या में युवाओं को काम मिल रहा है।

क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी सूर्यकांत कुमार के मुताबिक इस क्षेत्र में डिग्री से ज्यादा कौशल को महत्व दिया जा रहा है। प्रवेश स्तर पर 10वीं या 12वीं पास युवा डिलीवरी और वेयरहाउस से जुड़े कार्य कर सकते हैं, जबकि प्रबंधकीय और तकनीकी पदों के लिए बीकॉम, बीबीए, बीसीए या इंजीनियरिंग जैसी योग्यता जरूरी होती है। (संवाद)

एक नजर में... प्रति माह चयन के आंकड़े

क्षेत्र	मार्च	फरवरी	जनवरी
ई-कॉमर्स	1079	860	950
रिटेल	654	585	640
बीएफएसआई	485	520	480
टेलीकॉम	362	420	410

2.5 से 8 लाख रुपये सालाना तक का मिल रहा पैकेज

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के मुताबिक ई-कॉमर्स क्षेत्र में युवाओं को 2.5 लाख से 8 लाख रुपये सालाना तक का पैकेज मिल रहा है। ई-कॉमर्स एग्जीक्यूटिव को 2.5 से 4 लाख, डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट को 3.5 से 6 लाख, डेटा एनालिस्ट को 5 से 8 लाख, सप्लाई चेन मैनेजर को 4 से 7 लाख और डिलीवरी या लॉजिस्टिक्स स्टाफ को 2.5 से 4 लाख रुपये सालाना वेतन मिल रहा है।